NEW



राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को 03.15 बजे (अपराह्न) श्री आशुतोष टंडन, मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सिविल सर्विसेज इंस्टीट्यूट, राजभवन कालोनी, लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :–

| क्रम सं0 | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री आशुतोष टंडन,<br>मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ । | अध्यक्ष |
| 2 | श्री भुवनेश कुमार,<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ । | उपाध्यक्ष |
| 3 | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ । | सदस्य |
| 4 | श्री जगरोपन राम,<br>वरिष्ठ कोषागार अधिकारी, अम्बेडकर नगर | सचिव वित्त विभाग के प्रतिनिधि सदस्य |
| 5 | प्रो0 राजीव त्रिपाठी,<br>निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 6 | डा0 आर0 सी0 राजपूत,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर। | सदस्य |
| 7 | प्रो0 एम0 एम0 गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्जी0 विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 8 | प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय,<br>निदेशक, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 9 | प्रो0 विशाल सिंह चंदेल,<br>अप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमेनिटीज, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। | सदस्य |
| 10 | प्रो0 आर0 पी0 पयासी,<br>इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 11 | प्रो0 राम अवध मिश्र,<br>इलेक्ट्रनिक्स इंजी0 विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद। | सदस्य |
| 12 | डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्र,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। | सदस्य / सचिव |

अपरिहार्य कारणवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके:–

1. डॉ अभय करन्डीकर, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। सदस्य

सर्वप्रथम निदेशक संस्थान एवं सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रशासकीय परिषद तथा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**04:01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न तृतीय बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**04:02 संस्थान की दिनांक 22.06.2017 को सम्पन्न वित्त समिति की सातवीं एवं दिनांक 02.07. 2018 को सम्पन्न वित्त समिति की आठवीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान की दिनांक 22.06.2017 को सम्पन्न वित्त समिति की सातवीं एवं दिनांक 02.07.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की आठवीं बैठक के कार्यवृत्तों से परिषद अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**4.03 संस्थान की क्रय समिति की दिनांक 30.07.2018 एवं 20.09.2018 को सम्पन्न तृतीय एवं चतुर्थ बैठकों के कार्यवृत्तों की जानकारी एवं औपचारिक अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की दिनांक: 30.07.2018 को सम्पन्न क्रय समिति की तृतीय एवं 20.09.2018 को सम्पन्न क्रय समिति की चतुर्थ बैठको में लिए गये अनुमोदनों से परिषद अवगत हुई।

**04.04 TEQIP-III योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले एवं क्रय किये गये सामानों की सूचना एवं अनुमोदन**

TEQIP-III योजना में क्रय किये जा चुके 40 कम्प्यूटर (R & D Lab हेतु), 3 लैपटाप एवं TEQIP-III ऑफिस में अधिकारियों के लिए आवश्यक फर्नीचर के क्रय, TEQIP-III की अनुदान से क्रय समिति की चतुर्थ बैठक में छात्रों के लिए एवं विभिन्न लैबों को विकसित एवं स्थापित करने के लिए प्रस्तावों कुल रू० 4,96,01,736 (रु0 चार करोड़ छियान्बे लाख एक हजार सात सौ छत्तीस मात्र) के व्यय, अन्तिम वर्ष के छात्रों के GATE Coaching-2019 हेतु संस्थान में GATE Forum, Hyderabad द्वारा एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए Employbility Skill Training के लिए Universal Education Pvt. Ltd., Bengaluru द्वारा कुल लागत रु0 28,81,188 (रु0 अठ्ठाइस लाख इक्यासी हजार एक सौ अठ्ठासी मात्र), TEQIP-III के अनुदान से शिक्षकों एवं छात्रों के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में समर ट्रेनिंग, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार, वर्कशाप, कान्फ्रेंस में समय–समय पर

प्रतिभाग पर कुल व्यय रु0 43,57,487 (रु0 तैतालिस लाख सत्तावन हजार चार सौ सत्तासी मात्र) एवं आपरेटिंग कास्ट (Operating Cost) पर रु0 8,90,211 (रु0 आठ लाख नब्बे हजार दो सौ ग्यारह मात्र) के व्ययभार, TEQIP-III के दैनिक कार्यों के निष्पादन हेतु TEQIP-III में, MIS Officer Data Entry Operator एवं Messenger cum Despatcher के Contractual नियुक्ति MIS Officer के लिए श्री पारितोष भूषण, Data Entry Operator के लिए श्री रजनीकांत मिश्र एवं Messenger cum Despatcher के लिए श्री पारसनाथ की Contract पर नियुक्ति, दो शोध छात्रों जसवंत सिंह एवं वीरेन्द्र कुमार मौर्य के TEQIP-III द्वारा प्रदत्त फेलोशिप के बारे में परिषद अवगत हुई।

**04.05 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले साफ्टवेयर, छात्रावास फर्नीचर एवं सिविल कार्यों की जानकारी एवं क्रय समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन।**

दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले साफ्टवेयर (ARC-GIS(ESRI), Autocad, Staad. Pro (Latest Version), MATLAB (Electrical Engg. Dept.), MAT LAB (Information Technology Dept.), NI Power Lab View and Multisim Software, Virtual Class Room, PLAXIS 3D Software, एवं ANSYS Academic Software), छात्रावास फर्नीचर एवं सिविल कार्यों (एक अदद जिम्नेजियम एवं 150 शैय्या के ब्वॉयज छात्रावास) के निर्माण की जानकारी से परिषद अवगत हुई।

**04.06 विभागीय क्रय समिति (डी0पी0सी0) की सीमा रु0 15,000/- से रु0 1,00,000/- करने के सम्बन्ध में।**

संस्थान के बाइलाज में उल्लिखित विभागीय क्रय समितियों (DPC) की क्रय सीमा रू0 15,000/- (पन्द्रह हजार मात्र) से बढ़कर रू0 1,00,000/-(एक लाख मात्र) करने का अनुमोदन प्रशासकीय परिषद द्वारा दिया गया।

**04:07 परामर्शदात्री सेवा फीस/चयन समिति के बाह्य सदस्यों एवं विशेषज्ञों का मानदेय की धनराशि को रु0 1500 के स्थान पर ग्रेड पे के आधार पर रु0 3000, रु0 4000, रु0 5000 बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों की बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु सदस्यों/बाह्य सदस्यों एवं विषेषज्ञों का मानदेय बढ़ाने के बारें में परिषद द्वारा सभी कालेजों में एकरुपता निर्धारित करने हेतु शासन से एक समिति गठित करने का अनुरोध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**04.08 संस्थान के छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास (खेलकूद के मैदान, कैफेटेरिया) एवं कालेज के विस्तार (आवासीय भवनों एवं अतिथिगृह के निर्माण) हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में।**

कालेज के विस्तार (क्रीड़ा क्षेत्र, आवासीय भवनों आदि का निर्माण) हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए सम्बन्धित प्रस्तावों को Building Work Committee (BWC) से अनुमोदन

के उपरान्त वित्त समिति से भी अनुमोदित कराते हुए परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करनें के निर्देश दिये गये।

**04:09 संस्थान में स्थायी पदों पर कार्यरत शिक्षकों के एन0पी0एस0 कटौती के सम्बन्ध में।**

एन0पी0एस0 में कटौती से सम्बन्धित पत्राचार से परिषद अवगत हुई।

**04:10 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न तृतीय बैठक के बाद संस्थान मे हुए विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद को दिनांक 15.09.2016 की सम्पन्न बैठक के बाद अद्यतन शैक्षिक गतिविधियों, विकास कार्यों एवं अन्य क्रिया–कलापों से अवगत कराया गया।

सत्र–2017–18 में कुल 225 एवं सत्र– 2018–19 में 218 छात्रों ने प्रवेश लिया। संस्थान में सत्र 2018–19 में दो छात्रों ने पूर्णकालिक एवं एक छात्र ने अंशकालिक मोड में शोध में प्रवेश लिया। संस्थान का सत्र 2016–17 का परिक्षाफल 100 प्रतिशत एवं सत्र 2017–18 का 99.39 प्रतिशत रहा। संस्थान के दस छात्रों का कैम्पस चयन सत्र 2017–18 में एवं 5 छात्रों का चयन सत्र 2018–19 में हुआ तथा 36 छात्रों ने गेट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

संस्थान को दो रिसर्च प्रोजेक्ट एक ए0के0टी0यू0 द्वारा विश्वेस्वरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम के अर्न्तगत डॉ0 सौरभ श्रीवास्तव, सहायक आचार्य एवं डॉ0 विशाल सिंह चंदेल, आचार्य, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग को एवं एक सी0एस0टी0, उ0प्र0 द्वारा यंग साइंटिस्ट रिसर्च स्कीम के अर्न्तगत डॉ0 मो0 असलम हुसैन, सहायक आचार्य, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विभाग को प्रदान किया गया।

संस्थान में भवनों का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। जिमनेजियम, 100 बेड अटल छात्रावास, 150 बेड कलाम हास्टल, निदेशक आवास एवं Type-III, फैकेल्टी 2 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों को 31 जनवरी 2019 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

संस्थान के लगभग 140 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद, तकनीकी प्रतियोगिताओं जैसे कि **'अस्मिता–17** आई0आई0टी0 कानपुर, **'उदघोष–18'** आई0आई0टी0, कानपुर, **'त्वरण–18'** के0एन0आइ0टी0, सुल्तानपुर, **'अभ्युथान–18'** रा0इं0का0, कन्नौज में प्रतिभाग किया।

परिषद संस्थान के विकास कार्यों एवं शैक्षिक क्रियाकलापों से अवगत हुई।

**04:11 संस्थान में शिक्षकों के चयन के लिए विषय विशेषज्ञों के पैनल का अनुमोदन।**

परिषद द्वारा शिक्षकों के चयन के लिए विषय विशेषज्ञों के पैनल का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:12 शैक्षणिक पदों की नियुक्तियों का औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान द्वारा जारी शैक्षिक पदों का विज्ञापन संख्याः 02/ADVT./REC/2017 दिनांकः 12.05.2017 के क्रम में दिसम्बर 2017 में कुल 33 चयनित अभ्यार्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण किये गये। विवरण निम्नवत है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आचार्य | 01 |
| 2. | सह आचार्य | 02 |
| 3. | सहायक आचार्य | 30 |

परिषद द्वारा शैक्षिक पदों पर हुई नियुक्तियों से अवगत होते हुए शिक्षकों की नियुक्ति का औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:13 संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद, निदेशक पद पर डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्र की नियुक्ति से अवगत हुई।

**04:14 संस्थान के स्थायी पदों के सापेक्ष नियुक्त आचार्य, भौतिक विज्ञान के परिवीक्षण काल (Probation Period) के पूर्ण होने पर पद के स्थायीकरण के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा संस्थान में आचार्य पद पर कार्यरत डा0 विशाल सिंह चंदेल, आचार्य, भौतिक विज्ञान, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग के दिनांक 14.12.2018 को संस्थान में एक वर्ष के परिवीक्षण काल के पूरा होने पर स्थायीकरण के सम्बन्ध में शासन को पत्र भेजकर स्थायीकरण के प्रक्रिया संस्थान के बाइलॉज के अनुरुप कराने का निर्देश दिया गया।

**04.15 संस्थान में सृजित गैर शैक्षणिक पदों के चयन में नियुक्ति हेतु योग्यताओं के पुनर्निधारण के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा उक्त प्रकरण को स्थगित रखते हुए परिषद की आगामी बैठक में अर्हता पुनर्निधारण हेतु सक्षम स्तर स्पष्ट करते हुए विवरण सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

**04:16 संस्थान में रिक्त शैक्षिक पदों के विज्ञापन की वस्तुस्थिति से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद द्वारा शैक्षिक पदों के विज्ञापन की वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए उक्त विज्ञापन के सापेक्ष सम्प्रति कोई कार्यवाही न करने के निर्देश दिया गया।

परिषद द्वारा संस्थान में सृजित एवं रिक्त शैक्षिक पदों को ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित नये मानक (छात्र–शिक्षक अनुपात 20:01) के अनुसार पूर्व से विज्ञापित पदों के अतिरिक्त अवशेष रिक्त एवं पूर्व से सृजित पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। परिषद द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि नियमित चयन होने तक रिक्त व सृजित पदों के सापेक्ष आवश्यकतानुसार 70 वर्ष तक की आयु के प्रोफेसर/एडजंक्ट प्रोफेसर/एसोसिएट प्राफेसर को तीन वर्ष के लिए नियत मानदेय पर संविदात्मक आधार पर नामांकन/चयन किये जाने हेतु विज्ञापन आदि की कार्यवाही की जाये।

**04:17 संस्थान में सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त गैर शैक्षणिक पदों के विज्ञापन एवं चयन समिति के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा गैर शैक्षणिक पदों हेतु विज्ञापन की की वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए उक्त विज्ञापन के सापेक्ष सम्प्रति कोई कार्यवाही न करने के निर्देश दिया गया।

**04:18 कालेज के मेमोरेण्डम आफ एसोसिएशन में मान्यवर काशीराम इंजीनियरिंग कालेज ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलाजी के स्थान पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर अंकित करने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा उक्त प्रकरण से अवगत होते हुए यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

**04:19 प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद द्वारा विभिन्न समितियों के नामांकन से अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:20 विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान को रिसर्च सेन्टर बनाये जाने की सूचना के सम्बन्ध में।**

परिषद उक्त से अवगत हुई।

**04:21 कालेज एवं विभागों के विजन एवं मिशन को संशोधित किये जाने की जानकारी एवं अनुमोदन।**

परिषद उक्त से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**04:22 संस्थान में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सृजित पदों के स्थायीकरण के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा उक्त प्रकरण को परिषद के कार्य क्षेत्र से बाहर बताते हुए शासनादेशों/संस्थान रूल्स/बाईलाज के अनुसार कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया।

**04:23 अन्य कार्य बिन्दु, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

1. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निदेशक द्वारा संस्थान में यू0पी0 नेडा द्वारा अधिकृत एच0एफ0एम0 सोलर पॉवर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 415 किलो वाट रूफ टाप सोलर पॉवर प्लान्ट पर विचार एवं अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर परिषद द्वारा इसके Building Works Committee (BWC) की अनुशंसा एवं वित्त समिति के अनुमोदन के पश्चात परिषद का अनुमोदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

2. परिषद द्वारा आउटसोर्सिंग से नयी भर्ती/चयन/नामांकन हेतु शासनादेश सं0: 4/2018/आर0जी0–1021/दस/2018–मित0–1/2017 दिनांक 18.09.2018 के परिप्रेक्ष्य में शासन का अनुमोदन प्राप्त किये जाने का निर्देश दिया गया।
3. परिषद द्वारा संस्थान के आडिटेड अकाउंट को प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गये।
4. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा TEQIP-III के लिये की गयी अपेक्षा के क्रम में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के रुप में माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग के स्थान पर किसी शिक्षाविद/उद्योगविद को राज्य सरकार द्वारा 02 वर्ष की अवधि के लिये नामित किये जाने विषयक प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
5. यदि भविष्य में संस्थान को वाहन किराये/अनुबन्ध पर लेने हेतु आवश्यकता हो, तो शासनादेश सं0: 4/2018/आर0जी0–1021/दस/2018–मित0–1/2017 दिनांक 18.09.2018 के परिप्रेक्ष्य में शासन के वित्त विभाग की सहमति प्रत्येक दशा में प्राप्त की जाये।
6. परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के सम्बंध में एक समान नीति/दिशा–निर्देश बनाये जाने हेतु शासन स्तर से एक समिति गठित किये जाने का अनुरोध किये जाने के लिए निर्देशित किया गया –
    I. फैकेल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम अथवा इसी प्रकार की अन्य योजनाओं में फैकल्टी सदस्यों के प्रतिभाग किये जाने हेतु एकरुपता लाये जाने के लिए नीति/दिशा निर्देशों के निर्धारण के संदर्भ में।
    II. Testing & Consultency फीस प्राप्त करने/एनडाउमेन्ट फण्ड के नियमों के संदर्भ में।
    III. छात्रवृत्ति/फीस प्रतिपूर्ति में गत वर्षों में उत्पन्न हुई समस्या के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करना/कारण/निवारण के संदर्भ में।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को निदेशक/सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| (डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्र)<br>निदेशक/सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | 01-03.19<br>( भुवनेश कुमार )<br>सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन,<br>एवं<br>उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | (आशुतोष टंडन "गोपाल जी")<br>मा0,<br>प्राविधिक शिक्षा मंत्री,<br>एवं<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। |